# बीकानेर के गिन्नाणी में बाढ़ जैसा नजारा, बारिश से सड़कों पर दो से तीन फीट पानी

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर जिले में रविवार को हुई बारिश के बाद आस-पास के एरिया में बाढ़ जैसे हालात हो गए। रविवार को मानसून ऐसा मेहरबान हुआ कि पूरा शहर ही पानी से लबालब हो गया। सूरसागर की सीढ़ियों पर जहां झरने दिखाई दिए। वहीं पुरानी गिन्नाणी में बाढ़ जैसे हालात नजर आये। एक बार फिर ऐतिहासिक जूनागढ़ की दीवार को तोड़कर गढ़ की खाई में पानी पहुंच गया।

बारिश के बाद शहर का अधिकांश पानी जूनागढ़ की ओर जाता है। ये पानी सूरसागर में पहुंचा तो वहां बनी सीढ़ियों से झरने जैसा दृश्य नजर आया। करीब एक घंटे तक लगातार हुई बारिश के बाद सूरसागर में काफी पानी आ गया है। वहीं पुरानी गिन्नाणी एरिया में जलभराव के कारण जूनागढ़ की दीवार फिर टूट गई। इसी दीवार से पानी सूरसागर की खाई में गया। इसके बाद ही गिन्नाणी की सड़कों से पानी उतरना शुरू हुआ। एक बार तो दो से तीन फीट तक पानी सड़कों पर आ गया था। जूनागढ़ में पानी नहीं जाता तो यहां कई मकानों को भी नुकसान हो सकता था।

न सिर्फ जूनागढ़ के आसपास बल्कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जबरदस्त पानी भर गया। पंचशति सर्किल पर ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास पानी भर गया। वहीं जयनारायण व्यास कॉलोनी सर्किल भी पानी से लबालब रहा। कोठारी अस्पताल के पास नेशनल हाईवे पानी में डूबा रहा। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर पानी में डूबा रहा। डूंगर कॉलेज के आसपास व जयपुर मार्ग पर भी पानी जमा हो गया। बारिश के कारण नालियां और नाले उफान पर आ गए।



बीकानेर के गिन्नाणी में बारिश का पानी घरों में भरने से लोग बाहर निकले।

कोटगेट से केईएम रोड और सार्दुल सिंह सर्किल तक सड़कें पूरी तरह पानी से लबालब रही। नालियों का पानी भी सड़कों पर फैल गया। पानी उतरने के बाद अब सड़कों पर गंदगी जमा हो गई। कई जगह नाले भी उफान पर आ गए। चौखूंटी, भैंसावाड़ा एरिया में नालों से पानी बाहर आने लगा। पीटीईटी परीक्षा होने के कारण हजारों की संख्या में परीक्षार्थी बीकानेर आये हुए थे। बारिश के कारण एग्जाम सेंटर्स पर लाइट नहीं थी और बाहर निकले तो हर तरफ पानी ही पानी नजर आया। इन परीक्षार्थियों को रूकने के लिए भी कहीं जगह नहीं मिली। बड़ी संख्या में गर्ल्स परीक्षार्थी को बारिश ने परेशान किया।

**नोखा में भारी बरसात, घरों में घुसा पानी :** मानूसन की बारिश में रविवार को ग्रामीण अंचल तरबतर हो गया। गांवों में रविवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश से गांव की गलियां जलमग्न हो गई। घरों में पानी घुस गया जो दोपहर तक नहीं निकल सका। वहीं किसानों ने बारिश के बाद खेतों की ओर रूख कर लिया। रविवार को अलसुबह से तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया। जो दोपहर तक बरसात रूक-रूक कर चलती रही। लगातार दूसरे दिन आई बारिश से बाबा छोटूनाथ स्कूल, माहेश्वरी भवन, रेलवे स्टेशन, नवली गेट सहित कई वार्डों में बारिश का पानी भर गया।

नोखा में आषाढ़ में सावन जैसा मौसम बना हुआ है। जसरासर क्षेत्र में तेज वर्षा के चलते निचली बस्तियों में पानी भर जाने से गांवों में बाढ़ के हालात बन रहे हैं। जानकारी के अनुसार उप तहसील जसरासर क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश के चलते गांवों की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। जिसके चलते ग्रामीण अपने स्तर से घरों से पानी निकालने में लगे हुए है। कहीं पर पंचायत द्वारा जनरेटर व बूस्टर से पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

- पुरानी गिन्नाणी एरिया में जलभराव के कारण जूनागढ़ की दीवार फिर टूट गई
- इसी दीवार से पानी सूरसागर की खाई में गया। इसके बाद ही गिन्नाणी की सड़कों से पानी उतरना शुरू हुआ

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वैकल्पिक व्यवस्था करके पानी की निकासी की जाए।

**सुलताना में हुई बारिश :** झुंझुनूं के सुलताना कस्बे में तीसरे दिन भी इंद्रदेव मेहरबान रहे। इसके अलावा चिड़ावा कस्बे सहित पास पड़ौस के इलाकों में भी बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ। सुलताना में आसमान में बादलों की सुबह से ही आवाजाही लगी रही। दोपहर बाद बरसात का दौर शुरू हो गया। बरसात से मौसम सुहावना हो गया। करीब आधे घंटे हुई बरसात के बाद सुलताना कस्बे के मुख्य बस स्टैंड, मोदी मार्केट रोड, चिड़ावा रोड, केहरपुरा रोड पर पानी भर गया। रास्तों पर पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बरसात से किसानों के चेहरों पर खुशी है। किसान अब खेतों में फसल बिजाई में जुड़ेंगे।

## जन आधार कार्ड नहीं है तो रजिस्ट्रेशन नं. से प्रवेश फॉर्म भर सकेंगे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सरकारी कॉलेजों में स्नातक फर्स्ट ईयर में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में भी विभाग ने नवाचार शुरू किया है। इससे विद्यार्थियों का ऑनलाइन आवेदन भरना ज्यादा आसान हुआ है।

सत्र 2022-23 के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम में प्रवेश के लिए जो प्रक्रिया शुरू हुई है वो पूरी प्रक्रिया विद्यार्थी के परिवार के जनाधार कार्ड से ही संचालित हो रही है। विद्यार्थी सबसे पहले अपने एसएसओ आईडी के पोर्टल पर जाकर और वहां गवर्नमेंट टू सिटीजन विंडो में डीसीई एप पर किलक करेगा। यह पोर्टल अब केवल जनाधार कार्ड से ही खुलेगा। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक जनाधार कार्ड नहीं बनाया है। वे जनाधार रजिस्ट्रेशन नंबर से भी फॉर्म भर सकेंगे।

जनाधार से जुड़े मोबाइल पर आये ओटीपी से ही आगे का फॉर्म भरा जायेगा। ओटीपी वेरिफाई होते ही परिवार में सम्मिलित उस विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म दिन, मोबाइल नंबर और मेल आईडी, आधार कार्ड नंबर, जनाधार कार्ड नंबर ये सभी जानकारी फॉर्म में भरनी होगी।

विद्यार्थी को अपने बोर्ड की जानकारी रोल नंबर देने से ही बोर्ड परिणाम की पूरी जानकारी अपने आप आ जायेगी। यह डेटा फिलहाल केवल राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का है और बोर्ड केवल 2020, 2021 एवं 2022 के ही डेटा अपडेट कर रहा है।

## सार-समाचार

### भंवरी देवी का शतायु सम्मान



**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान प्रान्तीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, प्रधान कार्यालय बीकानेर द्वारा रतनगढ़ निवासी 92 वर्षीय भंवरी देवी धर्मपत्नी स्व. खिंवाराज शर्मा का उनके निवास पर जाकर महासभा अध्यक्ष सत्यदीप शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर, महासचिव संजय शर्मा ने श्रीफल से, शिक्षा समिति संयोजक पुरुषोत्तम लाल सेवक ने शॉल ओढाकर, प्रदेश महिला संयोजिका कान्ता भोजक द्वारा माला पहनाकर भंवरी देवी का सम्मान किया। कार्यकारिणी सदस्य सुनील भोजक, महासभा के विजयराज सेवग, राजभारती शर्मा सहित अनेक पारिवारिक सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर अध्यक्ष सत्यदीप ने शतायु सम्मान के बारे में बताते हुए कहा कि महासभा की यह पारम्परा रही है कि समाज के जिन वयोवृद्ध लोगों ने 90 बसंत पार कर लिये है, वे सभी हमारे लिए सम्माननीय है और हमारे सामाजिक धरोहर के रूप में हमारे साथ है। इसी कारण उनका सम्मान करना महासभा का परम कर्तव्य है। वरिष्ठ कार्यकर्ता शोभाचंद भोजक ने अपनी माताजी के सम्मान करने पर आभार व्यक्त किया।

### 87 प्रतिशत ने दी पीटीईटी परीक्षा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पीटीईटी परीक्षा रविवार को जिले के 26 सेंटर्स पर हुई। इसमें बीस सेंटर टू ईयर बीएड और छह सेंटर्स इंटीग्रेटेड फोर ईयर बीए बीएड के लिए रखे गए। सुबह निर्धारित समय से करीब एक घंटे से ज्यादा समय पहले सेंटर्स पर परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए। सेंटर्स पर उन्हें निर्धारित जांच के बाद एंट्री दी गई। 87 प्रतिशत ने पीटीईटी परीक्षा दी। प्रत्येक सेंटर्स पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह साढ़े ग्यारह बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा दोपहर ढाई बजे तक चली। परीक्षार्थी सुबह साढ़े ग्यारह बजे परीक्षा देने सेंटर्स पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आए परिवार के लोगों ने बाहर डेरा जमाया। इन लोगों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर गवर्नमेंट कॉलेज के सामने, मल्टीपर्पज स्कूल के पास अंडरब्रिज पुलिया, मटका चौक गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के सामने फुटपाथ, एसडी बिहाणी स्कूल के सामने सुखाड़िया सर्किल पार्क आदि में डेरा जमा लिया। ये लोग तीन घंटे तक गर्मी और उमस के बीच परीक्षार्थी का इंतजार करते रहे। दोपहर ढाई बजे परीक्षार्थी परीक्षा देकर निकले तो हिन्दुमलकोट रोड पर तो जाम जैसे हालात हो गए। यहां से काफी धीरे-धीरे लोग स्कूटर, कार, मोटरसाइकिल आदि वाहन लेकर निकले। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भी सभी कंट्रोल कर व्यवस्था बनाई।

### भाजपा मंडल प्रभारियों की बैठक

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाजपा के मंडल प्रभारियों की बैठक जंक्शन स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और संगठन की संपूर्ण संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई ने 5 से 10 जुलाई के मध्य विधिवत मंडल कार्यसमिति करने और मोर्चा, पन्ना प्रमुखों की शेष रही नियुक्तियों को पूर्ण करने का आग्रह किया। जिला महामंत्री जुगल किशोर गौड़ ने संगठन संरचना की पूर्ण जानकारी मंडल प्रभारियों को दी और उन्हें अपने प्रभार वाले मंडलों पर सतत प्रवास करने का आग्रह किया। पन्ना प्रमुखों और शक्ति केन्द्र संयोजकों को सक्रिय होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती देने का आव्हान किया। बैठक की शुरूआत में उदयपुर में कन्हैयालाल की निर्मम हत्या पर शोक संवेदना जताई और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला महामंत्री लेखराम जोशी, महावीर महला, जिला उपाध्यक्ष कविंद्र सिंह, जगदीश कस्वां, भरतभूषण शर्मा, जिला मंत्री छोटू सेवग, जिला मीडिया प्रभारी दीपक खाती, रामसिंह बराड़, जिला कार्यालय प्रभारी गुरविंदर मान, अरविंद जोशी, दौलतराम मूंड, राजेन्द्र चौधरी, संदीप गोदारा, मोहन चंगोई, झमन पाइवाल, जसप्रीत सिंह सिद्धू, श्रीकृष्ण वर्मा, दर्शन गिल, अतुल शर्मा, मदन थोरी आदि मौजूद थे।

### बिजली चोरी करने से टोका तो पीटा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के जंक्शन थाना क्षेत्र में पड़ोसी को बिजली के तारों पर कुंडी लगाने से मना करना एक युवक को महंगा पड़ गया। 10 से ज्यादा महिला और पुरुषों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करके उसको छुड़ाया। आरोपियों ने उसके मकान का गेट भी तोड़ दिया। पीड़ित युवक ने जंक्शन थाने में नामजद लोगों पर मारपीट करने और धारदार हथियार से हमला करने का केस दर्ज कराया है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल रामकुमार ने बताया कि सोनू सिंह (21) पुत्र अमनदीप सिंह रायसिख निवासी वार्ड 56 सुरेशिया ने थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि मेरे पड़ोस (मोहल्ले) में रहने वाले कालूराम, श्यामलाल पुत्र कंडीराम सिगिकाट अमन, विमल पुत्र अजय कुमार, धर्मा, लडडू पुत्र श्यामलाल, सुमन पत्नी धर्मा के मकानों में बिजली कनेक्शन नहीं है। ऐसे में वो रोजाना बिजली के खंभों पर कुंडी लगाकर बिजली चोरी करते हैं। इनके कुंडी लगाने से तार हिलते हैं और घरेलू उपकरण टीवी वगैरह भी खराब हो जाते है। रात करीब 10:30 बजे सभी आरोपी कुंडी लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे। इस दौरान मैंने और मेरे पिता ने उनको रोका तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। कुछ देर बाद एकराय होकर हाथों में गंडासे, कापा और डंडे लेकर आए और हम पर हमला कर दिया। युवक ने बताया कि इस दौरान मोहल्ले के दूसरे लोगों ने बीच-बचाव कर हमें बचाया। आरोपियों ने हमें जान से मारने की धमकी दी। रात को भी आरोपी एक राय होकर हाथों मे गंडासे, कापा और डंडा लेकर मेरे मकान के आगे गाली-गलौज कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आरोपियों ने मकान का गेट भी तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी बदमाश प्रवृति के हैं, जो कभी भी उनको जान-माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं। जंक्शन पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

# बिना सूचना बिजली चालू करने से आये करंट से दो जने घायल

**छतरगढ़,** (निसं)। छतरगढ़ कस्बे के 132 जीएसएस के अधीन खारवाली में विद्युत निगम की अनदेखी व ठेकेदार कर्मचारी की लापरवाही के चलते गुरूवार रात को चक दो आरएएम की एक ढाणी की बिजली लाइन में बिना सूचना विद्युत प्रवाह करने पर दो जने करंट की चपेट आने से घायल हो गए।

इसकी सूचना समाजसेवी नानकराम ज्याणी ने आरएलपी तहसील अध्यक्ष रामकुमार सियाग व प्रदेश मंत्री विजयपाल बेनीवाल ने दी। बेनीवाल के नेतृत्व में किसानों ने करंट की चपेट आये दो व्यक्तियों को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर छतरगढ़ विद्युत निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और विभाग की अनदेखी पर विरोध दर्ज कराया। साथ ही एक जने को जीएसएस पर अस्थायी कर्मचारी तौर पर नौकरी देने की मांग को लेकर विभाग के

- लाइन फाल्ट को सही कर रहे थे, बिना सूचना मिले ही लाइन को चालू कर दिया

अधिकारियों समक्ष अड़ गए। इसकी जानकारी मिलने पर छतरगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची

प्रदेश मंत्री बेनीवाल ने विभाग व संबंधित विभागीय ठेकेदार पर लापरवाही करने का आरोप लगाया और खारवाली फिल्टर ठेकेदार कर्मचारी अब्दुल को तुरंत प्रभाव से हटाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इस अस्थायी कर्मचारी की वजह से लाइन फाल्ट को सही कर बिना सूचना मिलने पर लाइन चालू करने से इसकी चपेट में उदमाराम नाई व तोलाराम नाई आ गए और करंट लगने से बेहोश होकर गिर गए।

इसकी सूचना परिजनों द्वारा छतरगढ़ सहायक अभियंता भोजराज, कनिष्ठ अभियंता संदीप चौधरी व कनिष्ठ अभियंता धवल आदि को दी तो तीनों अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को रोजड़ी सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर पीबीएम अस्पताल अपने निजी खर्च कर घड़साना से एम्बुलेंस बुलाकर भेजा गया। जहां डॉक्टरों के इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की बात पर करीब छह घंटे की खींचतान के बाद किसानों व अधिकारियों के बीच आपसी सहमति बनी। समझौते में दोनों घायलों को ठेकेदार द्वारा पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता व एक जने को जीएसएस पर अस्थयी कर्मचारी के तौर पर ठेकेदार द्वारा कर्मचारी रखने की मांग मानने पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

## स्ट्रीट वेंडर कमेटी में निर्विरोध निर्वाचित

**बीकानेर,**(कासं)। नगर निगम के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर कमेटी के 10 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें 7 पुरूष तथा 3 महिला सदस्य हैं।

टाउन वेंडिंग कमेटी के निर्वाचन अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) पंकज शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कमेटी के लिए कुल 15 स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गए। मंगलवार को इनकी संवीक्षा की गई। इस दौरान एक नाम निर्देशन पत्र निरस्त हो गया। वहीं बुधवार को चार अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिए। इस प्रकार कुल दस अभ्यर्थी शेष रहे, जो कि निर्विरोध निर्वाचित हुए।

राजेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने बताया कि ज्ञान देवी, शकुंतला, सोनू, मुरलीधर सर्वटे, प्रदीप सिंह, सोहनलाल, इनायत अली, दुर्गादास, महेश पुरोहित तथा मोहिदीन पुत्र लाल खां निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## बीकानेर में यूआईटी चार नई योजनाएं विकसित करेगा

**बीकानेर,**(कासं)। नगर विकास न्यास चार नई योजनाएं विकसित करेगा। इन योजनाओं का अनुमोदन न्यास ट्रस्ट की बैठक में किया गया।

कलेक्टर एवं न्यास अध्यक्ष भगवती प्रसाद कलाल के अनुसार न्यास की ओर से शिवबाड़ी ग्राम में विश्वकर्मा योजना, उदयरामसर में वेयर हाउस योजना ( कुबेर नगर) विकसित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। शिवबाड़ी में रूरल हाट योजना विकसित की जायेगी। इसके माध्यम से आसपास के क्षेत्र के किसानों को सब्जी फल फसल इत्यादि बेचने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध हो सकेगा। ग्राम चकगर्बी में स्थित न्यास की भूमि पर औद्योगिक योजना निर्माण नगर विकसित किए जाने का अनुमोदन भी किया गया है। न्यास सचिव नरेन्द्र सिंह ने ट्रस्ट का आय व्यय लेखा जोखा अनुमोदन के लिए

- इन योजनाओं का अनुमोदन न्यास ट्रस्ट की बैठक में किया गया

प्रस्तुत किया। सचिव ने न्यास की ओर से करवाए जाने वाले विकास कार्यों, आवासीय योजनाओं में आरक्षित दर निर्धारित करने सहित सड़क मरम्मत, चौराहे सौन्दर्यकरण, नाला निर्माण, न्यास सेवाओं को पेपरलैस बनाने, घुमंतु परिवारों को बसाये जाने के लिए चकगर्बी में सैनिटेशन और पेयजल कार्य, बीकानेर के लिए नवीन मास्टर प्लान तैयार करने के संबंध में अनुमोदन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में नगर निगम आयुक्त गोपालराम बिरदा सहित न्यास के अभियंता और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता को जहर पिलाकर मारने का प्रयास

**नोखा,** (निसं)। जहर पिलाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए भाई ने बहिन के ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज करवाया।

तीतरी जोधयासी निवासी जगदीश नायक ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उसकी बहन भंवरी देवी की शादी करीबन 30 वर्ष पूर्व मैयासर निवासी रतनाराम नायक के साथ हुई थी। 1 जुलाई 22 को उसकी बहन भंवरी देवी अपने गांव ससुराल मैयासर में थी तो रतनाराम, पूरबाराम, करणाराम और मीरा पत्नी मोहनराम सभी ने एकराय होकर मेरी बहन भंवरी के साथ बुरी तरह मारपीट किया और फिर सभी ने भंवरी देवी को जहर पिलाकर जान से

- भाई ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

मारने की कोशिश की। पीड़िता के भाई जगदीश नायक ने बताया कि भांजे चंपाललाल ने मामले की जानकारी फोन पर बताई। इस बहन के ससुराल मैयासर गया और नोखा अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। जहां से बीकानेर पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पीड़िता अभी बेहोश है। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## बुनियादी शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण दिया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (एफएलएन) पर आधारित शिक्षकों के गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम चरण का समापन हुआ। जंक्शन स्थित राउमावि में 6 दिन चले शिविर के प्रथम चरण में शिक्षकों को केआरपी द्वारा बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान के बारे में जानकारी दी गई।

बच्चों दी जाने वाली बुनियादी शिक्षा के साथ निपुण भारत, सीसीई आदि जैसी नई योजनाओं के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 97 शिक्षकों को प्रमाण पत्र भी दिये गए। शिविर में 400 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि सीबीईओ सीमा भल्ला, एसीबीईओ रोहिताश कड़वासरा मौजूद थे।

# बारिश से रेलवे ट्रेक के नीचे से मिट्टी और कंक्रीट बही

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में रविवार को भी जमकर बारिश हुई। खासकर बीकानेर से श्रीगंगानगर की ओर पूरे रास्ते में झमाझम बारिश हुई। लूणकरनसर में बामनवाली के पास बादल इतने बरसे कि रेलवे ट्रेक के नीचे से मिट्टी और कंक्रीट बह गई। रेल परिवहन के दौरान बड़ा हादसा भी हो सकता था लेकिन इससे पहले ही रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

अब रेल पटरियों के आसपास से पानी निकालने के साथ ही कंक्रीट और मिट्टी से ट्रेक को मजबूत किया जा रहा है। इस मार्ग पर आने वाली रेल गाड़ियों को पिछले स्टेशन पर रुकना पड़ा है। मामला लूणकरनसर के बामनवाली एरिया का है। जहां पिछले

- लूणकरनसर में बामनवाली के पास ट्रेक दुरूस्त करने में जुटा रेलवे
- कई गांवों में कच्चे मकान धराशायी हो गए

चौबीस घंटे से लगातार बारिश हो रही है। शनिवार रात से रविवार सुबह तक तेज बारिश के कारण रेल पटरियां पानी में डूब गई। रेलवे को इसकी सूचना मिलने पर एक टीम को मौके पर भेजा गया। जहां से अतिरिक्त कर्मचारियों को बुलाकर रास्ते को फिर से सही किया गया। दरअसल पानी का बहाव तेज होने के कारण यहां से पटरी के नीचे कुछ भी नहीं रहा। अगर ट्रेन गुजरती तो बड़ा हासदा हो सकता था।

बामनवाली के साथ ही लूणकरनसर के अधिकांश हिस्सों में तेज बारिश हुई है। उसके बाद कई कच्चे मकान गांवों में धराशायी हो गए हैं। जबकि पशुओं को बड़ी समस्या हो रही है। अब तक किसी तरह की अनहोनी या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। बीकानेर के बज्जू, छतरगढ़, नोखा, डूंगरगढ़ में भी बारिश हुई। बीकानेर शहर में जहां 18 एमएम बारिश हुई। वहीं छतरगढ़ में 45, बज्जू में 44, नोखा में 42, डूंगरगढ़ में 21 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

# मावा पट्टी एरिया में तीन मंजिला मकान में आग लगी, लाखों का नुकसान

**बीकानेर,**(कासं)। यहां मावा पट्टी एरिया में रविवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि इस हादसे की चपेट में कोई नहीं आया, हालांकि लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

शहर में परकोटे के भीतर स्थित मावा पट्टी एरिया में नवरत बांठिया के मकान में दोपहर में हल्का धुआं नजर आ रहा था। देखते ही देखते यहां से तेज आग निकलने लगी। आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी लेकिन धीरे-धीरे तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। ये नया मकान बताया जा रहा है जहां लकड़ी व अन्य सामान पड़ा था।

आग देखते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन कर दिया लेकिन बहुत देर तक कोई दमकल नहीं आई तो स्थानीय लोगों ने बाल्टियों



बीकानेर के बांठियों के चौक में एक मकान में लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया।

से ही पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस मकान में उस वक्त कोई नहीं था, लेकिन आसपास के मकानों में लोग रहते हैं। जिन्हें समय रहते घरों से बाहर निकाल लिया गया। आग आसपास के घरों में पहुंचती उससे पहले काबू पा लिया गया।

दरअसल शहर के भीतरी क्षेत्र में बड़ी दमकल आ ही नहीं सकती।

- आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी लेकिन धीरे-धीरे तीसरी मंजिल तक पहुंच गई
- ये नया मकान बताया जा रहा है जहां लकड़ी व अन्य सामान पड़ा हुआ था

संकड़ी गलियों के चलते यहां छोटी दमकल की जरूरत होती है, जिसके मौके पर पहुंचने में काफी देर हुई। इसी कारण आग पहली से तीसरी मंजिल तक पहुंच गई और लाखों रुपये का नुकसान रोका नहीं जा सका।

## श्रीगंगानगर पहुंची रेलवे की बाइक रैली का स्वागत किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को उत्तर-पश्चिम रेलवे तथा रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्ध्यिों से सुसज्जित चार पहिया वाहन एवं मोटर साइकिल रैली श्रीगंगानगर पहुंची। इस अवसर पर आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेन्द्र रत्नाकर के नेतृत्व में रैली के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत रेलवे द्वारा नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के 75 स्टेशनों पर चल प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया जा रहा है। रेलवे की ओर से आयोजित यह चल प्रदर्शनी उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशनों के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों में भी रेलवे के कार्य जिनमें सुरक्षा, संरक्षा,




आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को रेलवे की बाइक रैली गंगानगर पहुंची।

स्वच्छता से संबंधित कार्यों से आमजन को जागरूक करने का कार्य करेगी। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी इन क्षेत्रों तथा स्कूलों में रेलवे की उपलब्धि और जागरूकता के कार्यों को साझा करेंगे। रेलवे सुरक्षा बल की इस पहल पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह चल प्रदर्शनी 32 दिनों में लगभग 3000 किलोमीटर दूरी तय कर 75 स्टेशनों पर आमजन को रेलवे तथा रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्धियों से रूबरू करवायेगी।